**प्रसार भारती**

**आकाशवाणी शिमला**

**08.10.2025/प्रादेशिक समाचार/15.00 बजे**

## प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश में डिजिटल कनेक्टिविटी अब कोई विशेषाधिकार या विलासिता नहीं, बल्कि सभी के जीवन का अभिन्न अंग है। उन्होंने आज नई दिल्ली के यशोभूमि में एशिया के सबसे बड़े दूरसंचार, मीडिया और प्रौद्योगिकी कार्यक्रम, इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2025 के नौवें संस्करण के उद्घाटन अवसर पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि जिस देश में कभी 2—जी की समस्या थी, वहां, अब लगभग हर जिले में 5—जी कनेक्टिविटी है। प्रधानमंत्री ने देश के डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे की सफलता को रेखांकित करते हुए कहा कि यह निवेश, नवाचार और मेक इन इंडिया का सबसे अच्छा समय है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश नवाचार व प्रगति के एक प्रभावी मंच के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत अब दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा दूरसंचार बाजार व दूसरा सबसे बड़ा 5—जी बाजार है। प्रधानमंत्री ने कहा कि दूरसंचार क्षेत्र में देश की सफलता आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण की मजबूती को दर्शाती है।

............................................

## बिलासपुर हादसा

बिलासपुर जिले के झंडुता उपमंडल के तहत भल्लू पुल के समीप कल हुई निजी बस दुर्घटना में मरने वालों की संख्या 16 हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतकों में 11 पुरूष, चार महिला व एक बच्चा शामिल है। हादसे में घायल दो बच्चों को बिलासपुर एम्स अस्पताल में उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। हादसे के सभी मृतकों की पहचान कर ली गई है। प्रशासन की ओर से फौरी राहत के तौर पर मृतकों के परिजनों को 25—25 हजार रूपये की राहत राशि प्रदान की गई है।

............................................

## सड़क हादसा

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इस बस हादसे पर गहरा शोक जताते हुए मृतकों के परिजनों को चार—चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि सरकार सड़क की स्थिति और संभावित ब्लैक स्पॉट्स की जांच करवा रही है। यदि हादसे के पीछे किसी की लापरवाही पाई गई, तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

............................................

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने 13 अक्तूबर को शिमला के ऐतिहासिक रिज पर पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की प्रतिमा के अनावरण की तैयारियों के संबंध में आज शिमला में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा यह एक राजकीय कार्यक्रम होगा जिसमें कांग्रेस की प्रदेश प्रभारी व सांसद रजनी पाटिल और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए और पुख्ता सुरक्षा प्रबंध करने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी तैयारियां समय सीमा के भीतर पूरी की जाएं। बैठक में लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

..............................................

**बैठक**

राजस्व व बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में चार दिवसीय राज्य स्तरीय किन्नौर महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा को लेकर आज रिकांगपिओ में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में 30 अक्टूबर से 02 नवम्बर तक आयोजित होने वाले इस महोत्सव के आयोजन से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। जगत सिंह नेगी ने कहा कि महोत्सव के दौरान स्थानीय कलाकारों, सांस्कृतिक दलों और स्वयं सहायता समूहों को प्राथमिकता दी जाएगी ताकि स्थानीय संस्कृति और उत्पादों को प्रोत्साहन मिले। महोत्सव के दौरान 30 व 31 अक्टूबर को नैशनल ट्राइबल फेस्टिवल का भी आयोजन किया जाएगा।

..............................................

**यूजीसी नेट पंजीकरण**

राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी–एनटीए ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा–यूजीसी नेट दिसंबर–2025 के लिए पंजीकरण प्रक्रियाशुरू कर दी है। आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से इच्छुक उम्मीदवार राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं। यूजीसी की अधिसूचना के अनुसारपंजीकरण प्रक्रिया सात नवंबर तक खुली रहेगी।

..............................................